बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

परिवेश भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना–800 010
दूरभाष नं0–0612-2261250/2262265, फैक्स–0612-2261050
ई–मेल–bspcb@yahoo.com, वेबसाईट–http://bspcb.bih.nic.in

पत्रांक–पी.सी./पी.आर.–105/प्रेस विज्ञप्ति/2019/**572** पटना, दिनांक:–05.06.2019

प्रेस–विज्ञप्ति

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। इस अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस, 2019 के लिए 'यूनाइटेड नेशन्स इन्वायरमेंट प्रोग्राम' (UNEP) द्वारा घोषित विषय–वस्तु ''वायु प्रदूषण'' पर केन्द्रित पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान दिनांक 25 मई, 2019 से प्रारंभ की गयी है।

आज प्रात 6:30 बजे साइकिल रैली में शामिल छात्र–छात्राऐं डी0.ए0.भी0. पब्लिक स्कूल, बी.एस.ई.बी. कॉलोनी परिसर में इक्कठे हुए। यहां से रैली प्रारंभ होकर पंचमुखी हनुमान मंदिर, बेली रोड, राजभवन होते हुए संजय गांधी जैविक उद्यान, गेट न0.– 2 पर समाप्त हुई। रैली में डी0.ए0.भी0. पब्लिक स्कूल के करीब 50 छात्र–छात्राऐं शामिल थे। रैली में शामिल छात्र–छात्राऐं अपने शरीर पर पर्यावरण संरक्षण संबंधी नारे लिखे आकर्षक पोस्टर लगाये हुए थे। रैली को **पर्षद् अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार घोष एवं विद्यालयों के उप प्राचार्य श्री मिथिलेश कुमार सिंह द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया।**

संजय गांधी जैविक उद्यान, गेट न0.– 2 के समीप में पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ''वायु प्रदूषण'' पर केन्द्रित 'नुक्कड़ नाटक' ''जमाना बदलेगा'' का मंचन किया गया। जिसे वहां उपस्थित जन–समूह द्वारा सराहा गया। नुक्कड़ नाटक श्री विज्येन्द्र कुमार टॉक द्वारा निर्देशित था।

उक्त नुक्कड़ नाटक का मंचन पुन: आज अपराह्न 03:00 बजे से 03:30 बजे के बीच ज्ञान भवन परिसर में किया जायेगा।

वीरेन्द्र कुमार
(वीरेन्द्र कुमार) 5 जून, 2019
जन–सम्पर्क पदाधिकारी